आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 18.03.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- संसद ने विनियोग विधेयक 2026 पारित किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा – सरकार ने पारदर्शी और व्यावहारिक ढंग से बजट तैयार किया है।
- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सिलसिले में आयुष शाखा की ओर से 100 दिवसीय उलटी गिनती कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- एमएसएमई एवं सुविधा कार्यालय, श्री विजय पुरम की ओर से 20 मार्च को पेरका गाँव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।
- #दिल्ली से द्वीप 2.0 पहल के तहत पूरे द्वीप समूह में पंजीकरण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

<><><><><><><>

लोकसभा में आज कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की वित्त वर्ष 2026–27 के लिए अनुदान मांगों पर चर्चा और मतदान होगा। सदन में गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और विद्युत मंत्रालय की अनुदान मांगों पर भी चर्चा और मतदान निर्धारित है।

इस बीच, संसद ने विनियोग विधेयक 2026 पारित कर दिया है। राज्यसभा ने कल हुई चर्चा के बाद इसे लोकसभा को लौटा दिया, लोकसभा पहले ही इसे मंजूरी दे चुकी थी। यह विधेयक वित्त वर्ष 2025–26 की सेवाओं के लिए भारत की संचित निधि से अतिरिक्त धनराशी के भुगतान और विनियोजन को अधिकृत करता है। राज्यसभा में हुई चर्चा का उत्तर देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने बताया कि केंद्र सरकार आर्थिक स्थिरीकरण कोष के लिए 57 हजार 381 दशमलव 84 करोड़ रुपये दे रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी रबी फसल के लिए संभावित अतिरिक्त आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उर्वरक सब्सिडी के रूप में 19 हजार 230 करोड़ रुपये दिए जा रहे हैं।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा। इस सिलसिले में स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के आयुष शाखा की ओर से 100 दिवसीय उलटी गिनती कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसके अंतर्गत डिगलीपुर से लेकर कैंपबेल बे तक शैक्षणिक संस्थानों, अस्पताल, स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र और पंचायत भवन में योग सत्रों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का नेतृत्व विभिन्न संस्थानों से जुड़े आयुष योग प्रशिक्षकों ने किया। 100 दिवसीय उलटी गिनती का उद्देश्य योग के लाभों के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के आयुष विंग ने ANSAS और राष्ट्रीय आयुष मिशन के सहयोग से टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में 'होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति में मेटाबॉलिक विकारों का प्रबंधन' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. एच.एम. सिद्धराजू ने उद्‌घाटन सत्र की अध्यक्षता की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मेटाबॉलिक रोगों के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह कार्यक्रम चिकित्सा अधिकारियों को होम्योपैथिक प्रणालियों की जानकारी प्रदान करेगा। उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में निरंतर प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। प्रशिक्षण के दौरान कई विशेषज्ञों ने विभिन्न मेटाबॉलिक विकारों और उनके होम्योपैथिक प्रबंधन पर चर्चा की।

<><><><><><><>

दूरदर्शन केंद्र, श्री विजय पुरम की ओर से लाइव फोन–इन कार्यक्रम में आज 'जीवनशैली से जुड़े विकारों में होम्योपैथी की भूमिका' विषय पर चिकित्सा अधिकारी (होम्योपैथी) डॉ. शांतनु घोषाल, दर्शकों के सवालों के जवाब देंगे। कार्यक्रम आज शाम साढ़े पांच बजे से छः बजे तक प्रसारित किया जाएगा। दर्शक 244745 और 245662 नम्बर पर डायल कर विशेषज्ञ से अपने प्रश्न पूछ सकते हैं।

<><><><><><><>

युवा संगम के छठे चरण के लिए शिक्षा मंत्रालय की ओर से एक भारत, श्रेष्ठ भारत पहल के तहत देशभर के युवाओं का पंजीकरण किया जा रहा है। इच्छुक युवा ebsb.aicte-india.org वेबसाइट के जरिए पंजीकरण कर सकते हैं। यह कार्यक्रम युवाओं को विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की यात्रा के माध्यम से भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और नवाचार तंत्र को नजदीक से जानने और अनुभव करने का अवसर प्रदान करता है। पंजीकरण की अंतिम तिथि आज है।

<><><><><><><>

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास एवं सुविधा कार्यालय, श्री विजय पुरम की ओर से 20 मार्च को कार निकोबार के पेरका गाँव में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में अपने हाथों और औजारों से 18 विभिन्न व्यवसायों में काम करने वाले पारंपरिक कारीगर और शिल्पकार भाग ले सकते हैं। इसके अलावा पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत पंजीकृत स्वयं सहायता समूह के सदस्य, उद्यमी और कारीगर इसके लिए पंजीकरण करा सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागी दिए गए QR कोड का उपयोग करके अपना पंजीकरण सुनिश्चित कर सकते हैं।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के युवाओं को भारतीय सेना में शामिल होने के लिए सहायता करने के उद्देश्य से #दिल्ली से द्वीप 2.0 पहल के तहत पूरे द्वीप समूह में पंजीकरण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। ये शिविर अंडमान निकोबार कमान और एनसीसी की सहायता से चलाए जा रहे हैं। जिन उम्मीदवारों को ऑनलाइन पंजीकरण में कठिनाई आ रही है, वे जेएनआरएम, महात्मा गांधी कॉलेज, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, डिगलीपुर, निकोबार, स्वराज द्वीप और  कैंपबेल बे से संपर्क कर सकते हैं। सभी पात्र युवाओं से पहली अप्रैल तक अपना पंजीकरण पूरा करने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए भर्ती कार्यालय (मुख्यालय) चेन्नई, से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

ICDS शहरी परियोजना के तहत बाल विकास परियोजना अधिकारी की ओर से विभिन्न केंद्रों पर रिक्त पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के 4 पद और आंगनवाड़ी सहायिका के 3 पद शामिल हैं। इच्छुक उम्मीदवार 2 अप्रैल दोपहर तीन बजे तक अपना आवेदन डॉलीगंज स्थित बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। इस पद के लिए केवल उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी जो संबंधित आंगनवाड़ी केंद्र क्षेत्र के निवासी हैं। अधिक जानकारी समाज कल्याण निदेशालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><>

स्वस्थ और नशा मुक्त समाज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हम्फ्रीगंज ग्राम पंचायत में नशीली दवाओं के रोकथाम और मानसिक स्वास्थ्य पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में स्वस्थ मन के महत्व और नशा मुक्त जीवन शैली विषय पर कई प्रतियोगिताओं के आयोजन किए गए।

<><><><><><>

पशुपालन विभाग की ओर से शहरी क्षेत्रों में घूम रहे आवारा पशुओं की संख्या को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न इलाकों में बधियाकरण कार्यक्रम चलाया गया। यह कार्यक्रम जंगलीघाट पशु चिकित्सालय के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में चलाया गया। इसका उद्देश्य पशुओं के आक्रामक व्यवहार को कम करना, अनियंत्रित प्रजनन पर रोक लगाना और कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा देना है।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के अंतर्गत, समाज कल्याण निदेशालय के तहत राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक हेल्पलाइन 14567 की ओर से उल्लास वृद्धाश्रम के लोगों के लिए इस्कॉन मंदिर की एक आध्यात्मिक यात्रा का आयोजन किया गया। गैर सरकारी संस्था पंख के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने इस्कॉन मंदिर का दौरा किया। इस अवसर पर बुजुर्गों ने चिन्मय मिशन के स्वामी शुद्धानंद सरस्वती के साथ आध्यात्मिक संवाद किया।

<><><><><><><>

उद्योग निदेशालय, की ओर से द्वीपों के स्थानीय युवाओं के लिए विभिन्न कौशल विकास ट्रेडों में तीन महीने का निःशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण 13 अप्रैल से 12 जुलाई तक विभागीय प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित होगा। प्रशिक्षण के लिए दसवीं पास और वैध स्थानीय प्रमाणपत्र धारक आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए उद्योग निदेशालय के प्रशिक्षण अनुभाग से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>